# मंदाकिनी का जलस्तर घटा

- चित्रकूट क्षेत्र के घरों-दुकानों में जमा हुआ मलबा
- चित्रकूट, बिरसिंहपुर और नागौद क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित



**सतना, 31 अगस्त. जिले में पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है. सबसे ज्यादा असर चित्रकूट, बिरसिंहपुर, नागौद और आसपास के दर्जनों ग्रामीण इलाकों में देखने को मिला है. हालांकि, मंदाकिनी नदी का जलस्तर अब खतरे के निशान से काफी नीचे आ चुका है, लेकिन पानी घटने के बाद पीछे छूटा कीचड़, गाद और मलबा स्थानीय लोगों के लिए नई मुसीबत बन गया है.**

भारी बारिश के चलते चित्रकूट के प्रमुख घाट, बिरसिंहपुर और नागौद के कई निचले इलाके जलमग्न हो गए थे. कई मुख्य रास्तों पर जलभराव के कारण ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क टूट चुका है. अब नदी का जलस्तर घटने से जलभराव की स्थिति में सुधार कार्य चालू है. लेकिन चारों तरफ तबाही के निशान साफ नजर आ रहे हैं.

बाढ़ का पानी उतरने के बाद सबसे बड़ी चुनौती मलबे के रूप में सामने आई है. नदी का बहाव अपने साथ भारी मात्रा में गाद और कचरा लेकर आया, जो सीधे रिहायशी मकानों और दुकानों में घुस गया. वहीं, सड़कों और घरों का घरेलू कचरा भी पानी के साथ बहकर नदी और गलियों में फैल गया है. दुकानों में रखा लाखों का सामान कीचड़ में दबकर नष्ट हो चुका है.घरों, प्रतिष्ठानों और गलियों में कई दिनों से जमा गीले मलबे और सड़े-गले कचरे से अब दुर्गंध उठने लगी है. बदबू के कारण प्रभावित इलाकों में लोगों का खड़ा रहना तक मुश्किल हो रहा है. स्थानीय नागरिकों को अब संक्रामक बीमारियों और महामारी फैलने का डर सताने लगा है.

हालात को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है. प्रभावित क्षेत्रों में मलबा और गाद हटाने के लिए प्रशासन ने कई अलग-अलग विशेष टीमें तैनात की हैं. जेसीबी और सफाई कर्मियों की मदद से मुख्य मार्गों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों से मलबा हटाने का काम तेजी से जारी है. साथ ही दुर्गंध और संक्रमण से बचाव के लिए प्रभावित इलाकों में ब्लीचिंग पाउडर और कीटनाशकों का छिड़काव भी शुरू किया जा रहा है. चित्रकूट क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मेंटेनेंस और सुधार कार्य युद्धस्तर पर जारी है. विभाग द्वारा प्रभावित इलाकों में लाइन मरम्मत और नए ट्रांसफार्मर लगाने का काम तेजी से किया जा रहा है.मिली जानकारी के अनुसार रामघाट, पुरानी लंका, लोधन टिकिया, प्रमोदवन और अगडवा में सुधार कार्य पूर्ण कर आज विद्युत सप्लाई बहाल कर दी जाएगी.वहीं सती अनुसुइया, नई बस्ती, नयागांव, गऊ घाट, केवटरा और कामदगिरि कॉलोनी में नई लाइन खींचने और डीटीआर लगाने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू की जाएगी.बिजली कंपनी का अमला जल्द से जल्द पूरे क्षेत्र में सामान्य आपूर्ति बहाल करने में जुटा हुआ है.

### सेतु विभाग के चीफ इंजीनियर ने क्षतिग्रस्त पुल का किया निरीक्षण

लोक निर्माण विभाग (सेतु संभाग) के चीफ इंजीनियर गोपाल सिंह ने चित्रकूट पहुंचकर क्षेत्र के क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों का स्थलीय निरीक्षण किया .उन्होंने बाढ़ और तेज बहाव में बह चुके चित्रकूट के बड़े पुल के स्थल का बारीकी से तकनीकी मुआयना किया .गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने हालिया चित्रकूट दौरे पर टूटे पुल की जगह नए ब्रिज का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए थे .चीफ इंजीनियर ने संबंधित अधिकारियों को नए पुल के निर्माण का एस्टीमेट व विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजने को कहा .

### इनका कहना है

अब पहले से नदी का पानी कम हो गया है जो मलबा था उसे हटाया जा रहा है घरों में भी काफ़ी मात्रा में मलबा जमा है जिसे हमारी टीमे लगातार सफ़ाई कर रही

**कमलेश सिंह भदौरिया**
तहसीलदार चित्रकूट

## सितंबर महीने में करीब दस दिन बंद रहेंगे बैंक

**ग्वालियर.** कल से प्रारंभ हो रहे सितंबर महीने में करीब दस दिन बैंक बंद रहने वाले हैं. भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी सूची के मुताबिक, सितंबर में 4 रविवार और 2 शनिवार की छुट्टियों के अलावा जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी और अलग-अलग स्थानीय त्योहार के चलते 8 छुट्टियां रहेंगी. सितंबर 2026 में 6, 13, 20 और 27 तारीख को रविवार के कारण देश के सभी बैंक बंद रहेंगे. महीने का दूसरा शनिवार और 26 सितंबर को महीने का चौथा शनिवार पड़ेगा, जिसकी वजह से पूरे देश में सभी बैंक बंद रहेंगे.

# चाचा और पिता ने की बेटी की हत्या

## ऑनर किलिंग : रक्षाबंधन पर कर्नाटक से आई थी

**ग्वालियर, 31 अगस्त. डबरा में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है, जहां पिता और चाचा ने मिलकर अपनी ही 21 वर्षीय बेटी नन्दनी यादव का गला दबाकर हत्या कर दी. यह घटना पिछोर थाना क्षेत्र के पतरियापुरा गांव की है. घटना के बाद मृतक बेटी की मां सुमन यादव और बहन बदहवास स्थिति में उसे लेकर अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टरों ने नन्दनी को मृत घोषित कर दिया.**

मृतक बेटी की मां ने रोते हुए बताया कि पिता भगवान दास यादव और चाचा संतोष यादव ने घर में हो रहे विवाद के बाद बेटी का गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. बड़ी बात ये है कि मृतका नंदनी यादव कर्नाटक के एक मॉल में काम करती थी और कुछ दिन पहले ही रक्षा बंधन पर अपने गांव आई थी.

बताया जाता है कि पिता-चाचा ओर एक अन्य व्यक्ति घात लगाए बैठे थे. जैसे ही नन्दिनी उन्हें कमरे में मिली तभी रस्सी से गला घोटकर उसकी हत्या कर दी गई.

यह हत्या सिर्फ अपनी इज्जत मान और मर्यादा को लेकर की गई है. मां सुमन का आरोप है कि नंदनी की हत्या के बाद पिता चाचा ने उसके छोटे भाई और बहन की भी हत्या करने का प्रयास किया. पुलिस ने शव को पीएम के लिए रखवा दिया हे और मामले में जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है.

# पत्नी को 'बेवफा' बताकर हंसिए से कर दी हत्या

## मौत के बाद पति ने खुद की गर्दन काटने की कोशिश

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 31 अगस्त. बंसिया थाना क्षेत्र के मोती पुरवा गांव में पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद हत्या का मामला सामने आया है.आरोप है कि 30 वर्षीय राजा बाबू केवट ने अपनी पत्नी सियाप्यारी पर हंसिए से हमला कर दिया.गले और शरीर पर कई वार होने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई.**

इसके बाद राजा बाबू ने उसी हंसिए से अपनी गर्दन पर भी वार कर लिया.गंभीर हालत में उसे पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया.फिलहाल उसका इलाज पुलिस निगरानी में चल रहा है.

जानकारी के अनुसार राजा बाबू की शादी करीब 13 साल पहले पन्ना जिले के मुहाना गांव



निवासी सियाप्यारी से हुई थी.रविवार को वह पत्नी को मायके से विदा कराकर मोती पुरवा स्थित अपने घर लाया था.रात में दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई.विवाद बढ़ने पर राजा बाबू ने घर में रखे हंसिए से सियाप्यारी पर हमला कर दिया.गंभीर चोट लगने और अधिक खून बहने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

घटना के बाद राजा बाबू ने खुद की गर्दन पर भी हंसिए से वार कर लिया. घर से चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे.वहां सियाप्यारी मृत पड़ी थी, जबकि राजा बाबू गंभीर रूप से घायल था.परिजन उसे तत्काल स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे.प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया.

### घायल पति का आरोप- पत्नी उसे धोखा दे रही थी

गर्दन में गंभीर चोट के कारण राजा बाबू बोल नहीं पा रहा था .पूछताछ के दौरान उसने कागज पर लिखकर पत्नी के खिलाफ कई आरोप लगाए .उसने दावा किया कि पत्नी उसे धोखा दे रही थी और उसका किसी अन्य व्यक्ति से संबंध था .उसने यह भी आरोप लगाया कि उसके तीन बच्चे उसके नहीं हैं .राजा बाबू ने लिखित बयान में पत्नी से खुद की जान को खतरा होने और उसकी ओर से हत्या की साजिश रचे जाने की आशंका जताई .हालांकि पुलिस इन आरोपों की भी जांच कर रही है .पुलिस ने घटनास्थल से वारदात में इस्तेमाल हंसिया जब्त किया है .परिजनों और ग्रामीणों के बयान भी लिए जा रहे हैं .पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है, जबकि विवाद की वास्तविक वजह और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है .

## एक नजर में

### ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत

**दतिया.** एक आयशर वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई. बसई-बरधुवा रोड पर यह हादसा हुआ. दतिया के बसई थाना क्षेत्र के बसई-बरधुवा रोड पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार आयशर ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी. हादसे में बजरंगगढ़ सतलौन निवासी चंद्रभान पाल उर्फ गोलू पाल (30) की मौके पर ही मौत हो गई. टक्कर के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर उत्तर प्रदेश की ओर भाग गया. पुलिस उसकी तलाश कर रही है.

### झाड़ियों में मिला नाबालिग लड़की का शव

**ग्वालियर.** कैंसर पहाड़िया मार्ग पर आज सुबह झाड़ियों में 17 साल की लड़की का शव मिला. मृतका के गले पर कसने के निशान मिले हैं. परिजन ने महलगांव निवासी ईशान खान पर हत्या करने का शक जताया है. मृतका नया बाजार की एक साड़ी की दुकान पर काम करती थी. बीती रात करीब 9:05 बजे उसने मां से फोन पर बात की थी. उसने जल्द घर पहुंचने की बात कही थी. करीब 10 मिनट बाद उसका मोबाइल बंद हो गया. देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजन ने तलाश शुरू की और कंपू थाने में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई.

### जुआ फड़ों पर छापा, 19 गिरफ्तार

**जबलपुर.** माढ़ोताल व लार्डगंज पुलिस ने जुआ के फड़ों पर छापा मार कार्यवाही कर 19 जुआरियों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से नगद 13 हजार 545 रूपये जप्त किए गए. माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि रैगवा आर.एम.सी. प्लांट बिजली पोल के नीचे ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे जुआड़ियों के पास व फड़ से ताश के पत्ते व नगदी 5 हजार 65 रूपये जप्त किए गए.

### शिवपुरी में फाड़े श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बैनर

**शिवपुरी.** जिले के पिछोर अनुविभाग के खनियाधाना थाना सीमा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए लगाए गए धार्मिक बैनर और पोस्टर फाड़ने का मामला सामने आया है. घटना से नाराज यादव समाज और हिंदू समाज के लोग खनियांधाना थाने पहुंचे. उन्होंने थाना प्रभारी को आवेदन देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. समाजजनों के अनुसार यादव समाज की ओर से नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर भगवान श्रीकृष्ण के बैनर और पोस्टर लगाए गए थे.

# पत्नी ने पति पर लगाया बेचने का आरोप

## एसपी कार्यालय पहुंची कर महिला ने की शिकायत

नवभारत न्यूज

**गुना, 31 अगस्त. जिले में मानवता को शर्मसार कर देने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां हड्डीमील जगनपुर निवासी चंदो बानो ने अपने ही पति और अन्य लोगों पर खुद को बेचने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में न्याय की गुहार लगाई है. पीड़िता की इस शिकायत से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है.**

पीड़िता चंदो बानो ने एसपी को दिए गए आवेदन में बताया कि वर्ष 2018 में अनीश शाह नामक व्यक्ति ने उसे बहला-फुसलाकर शादी की थी और वर्तमान में उनके तीन बच्चे भी हैं.



पीड़िता का आरोप है कि उसके पति अनीश शाह ने जाफरीन नामक महिला के साथ मिलकर साजिश रची और उसका सौदा आमिर पठान नामक व्यक्ति के हाथों कर दिया. चंदो का कहना है कि खरीदने वाला शख्स आमिर पठान उसके साथ लगातार बुरा बर्ताव करता था और उसे घर के एक कमरे में बंद कर रखता था. किसी तरह वह अपनी जान बचाकर वहां से भागने में सफल रही और सीधे एसपी कार्यालय पहुंची. पीड़िता ने आरोपी पति अनीश शाह, बिचौलिया महिला जाफरीन और खरीददार आमिर पठान के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है.

## पगारा बांध व क्वारी नदी में दो युवक डूबे

**मुरैना.** मुरैना के पगारा बांध व क्वारी नदी में दो युवक डूब गए हैं. एसडीईआरएफ का दल क्वारी नदी तथा पगारा बांध में उनका रेस्क्यू करने में जुटे हुए हैं. मुरैना के बरैठा गांव में क्वारी नदी में नहाने गया 20 वर्षीय युवक तेज बहाव में बह गया. घटना के बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने नदी में सर्चिंग शुरू कर दी है. युवक का अब तक पता नहीं चल सका है. सत्यम पुत्र अरविंद सिंह परमार (20) सुबह क्वारी नदी में नहाने गया था.

# नाइजीरियन महिला को लेकर मुंबई जाएगी पुलिस

## 29 लाख की कोकीन के मामले में मिली है 5 दिन की रिमांड

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 31 अगस्त. चंदन नगर क्षेत्र में 29 लाख रुपए की कोकीन के साथ पकड़ी गई नाइजीरियन महिला इमैनुएल जॉय अब इंदौर पुलिस को मुंबई के ड्रग नेटवर्क तक पहुंचाने वाली है.**

पांच दिन की पुलिस रिमांड पर चल रही महिला से पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर पुलिस की विशेष टीम उसे लेकर मुंबई जाएगी. वहां उसके ठिकानों और संपर्कों की पड़ताल के साथ उस व्यक्ति की तलाश होगी, जिसने उसे कोकीन की खेप उपलब्ध कराई थी.



इमैनुएल जॉय करीब सात महीने के बिजनेस वीजा पर भारत आई थी और मुंबई में रह रही थी. चंदन नगर पुलिस ने उसे 58 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया था. अब जांच का फोकस यह पता लगाने पर है कि मुंबई में महिला किसके संपर्क में थी. पुलिस यह भी पता करेगी कि उसे कोकीन कहां से मिली और इंदौर में यह खेप किस व्यक्ति तक पहुंचाई जानी थी. इसके लिए महिला से मिली जानकारी के आधार पर मुंबई में संभावित ठिकानों और संपर्कों की जानकारी जुटाई जाएगी. इधर पुलिस महिला के पासपोर्ट और इमिग्रेशन रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है.

# मरीज ने अस्पताल की चौथी मंजिल से लगाई छलांग, मौत

- रीवा के संजय गांधी अस्पताल का मामला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 अगस्त, रीवा के संजय गांधी अस्पताल के चौथी मंजिल से सोमवार को युवक ने सुबह समय 11.50 बजे छलांग लगा दी. जिससे उसको गंभीर चोटे आई, आईसीयू में भर्ती कराया उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई.**

छलांग लगाने के पहले युवक खिडक़ी पर खड़ा था और लोग उसे समझाइश दे रहे थे. लेकिन वह किसी बात नही माना और सीधे छलांग लगा दिया. परिजनों के मुताबिक पिछले चार साल से टीवी की बीमारी से जूझ रहा था. वह मानसिक तनाव में रहता था. माना जा रहा है कि इसी के चलते आत्मघाती कदम उठाया है.

इस युवक की पहचान सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पाण्डेन टोला निवासी अर्जुन चमकेल के



रूप में हुई है. अर्जुन एक निजी अस्पताल में काम करके अपने परिवार की आजीविका में सहयोग करता था. सोमवार की सुबह करीब 11 बजे वह अपनी मां से यह कहकर घर से निकला था कि वह पास की दुकान से 'राजश्री' लेने जा रहा है. लेकिन किसे पता था कि चंद मिनटों बाद घर में खुशियों की जगह चीख-पुकार मच जाएगी. घर से निकलने के कुछ ही देर बाद परिजनों को सूचना मिली कि अर्जुन ने अस्पताल की बिल्डिंग से छलांग लगा दी है. घटना के बाद अस्पताल परिसर में हडक़ंप मच गया.

# सड़क हादसे में महिला की मौत, अस्पताल में लोगों का हंगामा

**कटनी, 31 अगस्त.** सड़क हादसे में घायल 26 वर्षीय लक्ष्मी बाई की मौत के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद में शनिवार को उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए.



परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर उपचार में देरी और ड्यूटी डॉक्टरों की गैरमौजूदगी को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए घेराव कर दिया. परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद लक्ष्मी बाई को अस्पताल लाया गया, लेकिन करीब चार घंटे तक उसे समय पर उपचार नहीं मिल सका, जिसके बाद उसकी मौत हो गई. मामले में मृतका के परिजनों ने गहने निकालने और कान फटने का आरोप भी लगाया है. हालांकि, इन आरोपों कीपुष्टि नहीं हो सकी है. इस दौरान डॉक्टर से कहासुनी और अभद्रता के आरोप भी सामने आए.

## लोखंडे को गबन में 5 साल की कठोर सजा

**इटारसी.** तृतीय अपर जिला न्यायालय इटारसी के पीठासीन अधिकारी आदित्य रावत ने ग्राम पंचायत धुरपन के पूर्व सरपंच रमेश लोखंडे (55) को शासकीय राशि के गबन के मामले में दोषी ठहराते हुए पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है.


# शादी के नाम पर 4.10 लाख की ठगी

## दुल्हन और 3 अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

नवभारत,न्यूज

**दमोह, 31 अगस्त. ? शादी कराने के नाम पर लाखों की ठगी करने का मामला सामने आया है. दिनेश पिता रामकौशल विश्वकर्मा, उम्र 38 वर्ष, निवासी बांसा तारखेड़ा की रिपोर्ट पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया है.**

गांव के नर्मदा पटेल ने नीरज उर्फ धीरज पटेल व मालती पटेल, दोनों निवासी ग्राम कनेरा, थाना जैसीनगर, जिला सागर से मुलाकात करवाई. इसके बाद खुशबू राजपूत, निवासी रांझी, जबलपुर से 20 अप्रैल 2026 को रणगिर मंदिर में शादी करवाई गई.



शादी कराने के एवज में दिनेश विश्वकर्मा ने 1,70,000/- रुपये नगद और 2,40,000 रुपये के जेवर खुशबू राजपूत को दिए थे. कुल 4,10,000 रुपये दिए गए. आरोप है कि 23 अप्रैल 2026 को मालती पटेल दुल्हन खुशबू राजपूत की बड़ी बहन बनकर बांसा तारखेड़ा आई. कुछ दिन बाद वापस भेजने का कहकर वह दुल्हन को अपने साथ जबलपुर ले गई. इसके बाद से दुल्हन खुशबू राजपूत ने प्रार्थी दिनेश विश्वकर्मा से कोई संपर्क नहीं किया. प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने नर्मदा पटेल, नीरज उर्फ धीरज पटेल, मालती पटेल व खुशबू राजपूत के खिलाफ शादी के नाम पर धोखाधड़ी करने के संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.



# जल संसाधन मंत्री सिलावट ने हितग्राहियों से किया संवाद

- करौंदिया में निर्माणाधीन मकानों का किया निरीक्षण
- ग्रामीणों के बीच बैठकर तुलसी सिलावट ने सुनी समस्याएं

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 31 अगस्त. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत पुनर्वास स्थल करौंदिया का भ्रमण कर पुनर्वासित परिवारों से संवाद किया.**

उन्होंने निर्माणाधीन मकानों का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याओं, प्राप्त मुआवजा एवं पुनर्वास राशि की जानकारी ली. इस दौरान क्षेत्रीय विधायक राजेश शुक्ला, कलेक्टर मृणाल मीना, एसपी रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे. सिलावट ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना है. भ्रमण के दौरान सिलावट एक आदिवासी परिवार के घर पहुंचे. उन्होंने परिवार की महिला उमा आदिवासी से पूछा कि भोजन में क्या बनाया है. महिला ने रोटी बनाए जाने की बात बताई. इस पर मंत्री ने परिवार के साथ बैठकर आम के अचार के साथ रोटी खाई.उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर प्राप्त मुआवजा एवं पुनर्वास राशि के संबंध में चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं.

मंत्री ने कहा कि जो भी व्यक्ति पात्र है, उसे पुनर्वास पैकेज की राशि से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए तथा करौंदिया में पुनर्वासित परिवारों को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं. उन्होंने बताया कि पुनर्वास स्थल पर बिजली के खंभे लगाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। पेयजल व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए एक अतिरिक्त नलकूप कराया जाएगा. उन्होंने कहा कि पुनर्वास स्थल पर बिजली, पेयजल, सड़क सहित सभी स्थायी मूलभूत सुविधाओं का विकास शीघ्र पूरा किया जाएगा.


**फैसला** — कोर्ट ने कहा- कंस्ट्रक्टिव नॉलेज के आधार पर सजा देना बिना किसी सबूत के निष्कर्ष निकालने जैसा

# हाईकोर्ट ने निरस्त की याचिकाकर्ता को दी गई सजा

नवभारत न्यूज

**जबलपुर, 31 अगस्त. हाईकोर्ट जस्टिस विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने अपने अहम आदेश में कहा है कि कंस्ट्रक्टिव नॉलेज के आधार पर सजा देना, बिना किसी सबूत के निष्कर्ष निकालने जैसा है. एकलपीठ ने अपीलीय अथॉरिटी के आदेश को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ता को दी गयी सजा निरस्त कर दी.**

बुरहानपुर फॉरेस्ट डिवीजन में फॉरेस्ट गार्ड के पद पर पदस्थ सत्यनारायण सोनी की तरफ से



दायर याचिका में अपीलीय प्राधिकरण चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट खंडवा द्वारा 21 सितम्बर 2006 को सजा से संबंध में जारी आदेश को चुनौती दी गयी थी. आदेश में उसे नौकरी से हटाए जाने की सजा को पांच साल तक न्यूनतम वेतन प्रदान करने में तब्दील कर दिया गया था. याचिका में कहा गया था कि वह 23 सितम्बर 1994 से 30 दिसम्बर 2002 तक बोरी बीट, असीर रेंज में फॉरेस्ट गार्ड के रूप में तैनात था. उसे 30 दिसम्बर 2002 को सस्पेंड कर दिया गया था और 10 फरवरी 2003 को चार्जशीट जारी की गई थी.

### अवैध सामान जब्त करते हुए मामला दर्ज नहीं किया

चार्जशीट में आरोप थे कि उसके कार्यकाल में 1047 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण हुआ था. इसके अलावा बोरी गाँव में सरकारी नियंत्रण वाले वन उत्पाद (सलाई गोंद या गम) को अवैध रूप से इकट्ठा और जमा किया गया था. जिसकी सूचना उसने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी. इसके अलावा अतिक्रमण रोकने तथा अवैध सामान जब्त करते हुए मामला दर्ज नहीं किया. एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि अनुशासनात्मक अथॉरिटी के निष्कर्ष बिना किसी सबूत और अहम दस्तावेजों को नजरअंदाज कर जारी किया गया है तो वह तर्कहीन, मनमाना और कानूनी रूप से टिकने लायक नहीं माने जाते हैं .

## बिना प्लानिंग के रेलवे के प्रोजेक्ट से यात्री हो रहे परेशान

**ग्वालियर.** रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास में करीब 535 करोड़ रूपये खर्च किये जा रहे हैं. लेकिन उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि स्टेशन को अगले 40 वर्षो की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया जा रहा है. लेकिन धरातल पर सच्चाई इसके उलट है. अदूरदर्शी प्लानिंग के चलते यह प्रोजेक्ट यात्रियों के लिये नयी परेशानियां बढ़ाता जा रहा है. वर्तमान में ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर हर रोज 60-65 हजार यात्रियों का आवागमन होता है. जो अगले 40 वर्षो में बढ़कर 1.50 लाख प्रतिदिन पहुंचने का अनुमान है.